# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का 73% काम पूरा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस-वे का 73 फीसदी भौतिक काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से परियोजना से जुड़े लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि



अवनीश अवस्थी, सीईओ यूपीडा

एक्सप्रेस-वे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का काम तेजी से पूरा कराया जाए। उन्होंने आरओबी और आरई पैनल निर्माण में तेजी लाने के साथ ही स्ट्रक्चर्स से संबंधित कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा व शौचालय ब्लॉक्स के निर्माण में तेजी लाया जाए। शेष बचे मिट्टी के कामों को जल्द खत्म किया जाएग। परियोजना के तहत पड़ने वाले बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कामों को शीघ्र पूरा किया जाए। एक्सप्रेस-वे में क्लीयरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 प्रतिशत और मिट्टी का काम 96% से अधिक पूरा कर लिया गया है।